SUMMER

Little Rose Academy High school

summer vacation homework

class: 7th

हिन्दी

क्रिया

क्रिया वे शब्द होते हैं जो किसी कार्य के होने या करने अथवा किसी व्यक्ति या वस्तु की स्थिति का बोध कराते हैं।

क्रिया के प्रकार

- अकर्मक क्रिया
- सकर्मक क्रिया

- अकर्मक क्रिया: वाक्य में जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की अपेक्षा नहीं होती, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे: शीला हँसती है। बच्चा रो रहा है।
- सकर्मक क्रिया: वाक्य में जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की अपेक्षा रहती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे: शीला ने सेब खाया, मोहन पानी पी रहा है।

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद बताइए ।

1 एक अभिजीत पुस्तक पढ़ रहा है ।

2 राहुल पानी लाओ ।

3 पक्षी उड़ रहा है ।

4 बच्चा पलंग से गिर गया ।

5 हम जयपुर जा रहे हैं ।

6 रानी फल काट रही है ।

7 मनोज ने अच्छा गाना गाया था ।

8 अध्यापिका हिंदी पढ़ाती है ।

9 छात्र ने पुस्तक देखकर उत्तर दिया ।

10 मोहन क्रिकेट खेल रहा है ।

11 मैं अगले साल अमेरिका जाऊंगा ।

12 मां ने आइसक्रीम खाई ।

13 गाय घास खा रही थी ।

14 गायत्री रोज स्कूल जाती है।

15 मामा जी अखबार पढ़ रहे हैं ।